# प्रदेश सरकार समग्र शिक्षा की ओर उन्नमुख है: विधानसभा अध्यक्ष

**चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा जिम्मेदार नागरिक बनाना है जो देश एवं प्रदेश के विकास में योगदान देने के साथ-साथ अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम हो। यह बात उन्होंने राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समग्र शिक्षा की ओर उन्नमुख है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की बुनियाद जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही सुनहरा होगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों मे बेहतर आधारभूत संरचना व गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राजकीय



महाविद्यालय सिहुंता के भवन निर्माण के लिए सभी विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण कर दो माह के भीतर निर्माण कार्य को शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि 2 वर्ष के भीतर भव्य भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रखी गई मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही राजकीय महाविद्यालय सिहुंता और चुवाड़ी में रिक्त चल रहे प्राध्यापकों और अन्य पदों को भी भरा जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय सिहुंता के अस्थाई भवन के परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में 400 से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इनका शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में प्रदर्शन साल दर साल अच्छा होता जा रहा है।
उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है और प्रदेश की बेटियों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर सबका मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने महाविद्यालय में जिस उद्देश्य के लिए प्रवेश लिया है उसे प्रतिदिन स्मरण कर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने छात्रों को समय के महत्व को समझाते हुए इसका सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति हमारी बहुमूल्य सम्पदा है उनकी उर्जा का सकारात्मक सदुपयोग करके सम्पूर्ण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते हुए आशा जताई कि इनसे प्रेरणा लेकर महाविद्यालय के अन्य छात्र भी कड़ी मेहनत कर अपना अलग मुकाम बनाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रोत्साहन के लिए 31 हजार की धनराशि देने का भी ऐलान किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र भटियात में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जलापूर्ति व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई विशेष कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है, इसके सकारात्मक परिणाम कुछ ही समय में आप सभी के समक्ष होंगे। उन्होंने कहा कि सिहुंता और उसके साथ लगते क्षेत्र को भी सीवरेज सुविधा के साथ जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्या प्रियाअभिषेक शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया गया तथा कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।
उन्होंने शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एसडीएम सुनील कैंथ, डीएफ ओ कमल भारती, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग राकेश ठाकुर, बीडीओ सुभाष अत्री,सहित आदि उपस्थित थे।

## मैड़ी मेले में श्रद्धालु की मौत

**ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब के तहत बाबा बड़भाग मेड़ी मैला के चरण गंगा पौड़ीयों के समीप 62 वर्षीय श्रद्धालु का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र नछत्तर सिंह निवासी बचित्तर नगर लुधियाना के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने शव को बरामद कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कुलदीप सिंह की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। जानकारी के अनुसार गत दिवस को बाबा बड़भाग मेड़ी मेला सेक्टर नंबर -3 चरण गंगा के समीप लगे एक टेंट में एक श्रद्धालु की डेड बॉडी मिलने की सूचना मिली, जिससे वहां पर जाकर शव की पहचान की गई।

## होला-मोहल्ला मेले की तैयारियां पूरी, आज से पांवटा साहिब में आस्था का उत्सव

**8 उपाध्यक्ष हरभजन सिंह व मैनेजर जागीर सिंह ने बताया कि मेले को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सारे इंतजाम कर लिए हैं**

**नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में प्रसिद्ध होला मोहल्ला मेले की तैयारियों को लेकर पांवटा साहिब प्रशासन, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और नगर परिषद जुट गई है। दुकानों के लिए प्लॉट्स की नीलामी हो चुकी है। झूलों की बोली लगने के बाद ठेकेदार ने पुलिस ग्राउंड में झूले लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष हरभजन सिंह व मैनेजर जागीर



सिंह ने बताया कि मेले को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सारे इंतजाम कर लिए हैं। मेला छह मार्च से शुरू होगा। इस दिन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नगर कीर्तन निकाला जाएगा। सात मार्च को खुले पंडाल में दीवान साहब लगेगा। इसी दिन रात को कवि दरबार सजेगा। आठ मार्च को निशान साहिब की सेवा की जाएगी। इसके बाद नगर परिषद नौ व 11 मार्च को तीन सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित करेगी। बता दें कि हिमाचल-उत्तराखंड की सीमा पर यमुना नदी के किनारे बसे जिला सिरमौर का पांवटा साहिब शहर सिक्खों के लिए एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। पांवटा साहिब शहर व होला मोहल्ला का अपना एक इतिहास है। गुरु गोबिंद सिंह का यमुना नदी के तट पर बसाया नगर पांवटा साहिब इतिहास की कई महान घटनाओं को संजोए हुए है। एक तरफ जहां सिख धर्म के इतिहास में विशेष स्थान रखता है। तो दूसरी तरफ सिक्खों के गौरवमयी इतिहास की यादों को ताजा करता है। इस धरती पर पांवटा साहिब ही एक ऐसा नगर है जिसका नामकरण स्वयं गुरु गोबिंद सिंह जी ने किया है। गुरु गोबिंद सिंह साढ़े चार साल तक पांवटा साहिब में रहे। उन्होंने यहां रहकर बहुत से साहित्य तथा गुरुवाणी की रचनाएं भी की हैं। प्राचीन साहित्य का अनुभव और ज्ञान से भरी रचनाओं को सरल भाषा में बदलने का काम भी गुरु गोबिंद सिंह जी ने लेखकों से करवाया। गुरु गोबिंद सिंह जी ने यहां पर एक कवि दरबार स्थान की स्थापना की, जिसमें 52 भाषाओं के भिन्न-भिन्न कवि थे। गुरु गोबिंद सिंह जी पूर्णिमा की रात को एक विशेष कवि दरबार भी सजाया जाता था।

## संक्षिप्त खबरें

### एचआरटीसी ने केलांग मनाली के बीच शुरू की बस सेवा

**केलांग/अंगारिया**
एचआरटीसी ने लाहुल घाटी सहित केलंग मनाली के बीच बस सेवा शुरू कर दी। केलंग से मनाली के लिए सुबह साढ़े दस बजे जबकि मनाली से केलंग के लिए सुबह 10 बजे बस रवाना हुई। मनाली केलंग के बीच बस सेवा शुरू होने से
लोगों को महंगे सफ र से राहत मिली है। हिमपात के कारण जनवरी महीने से लाहुल घाटी में बस सेवा बन्द हो गई थी। हालांकि अटल टनल रोहतांग के माध्यम से लोगों को फोर व्हील ड्राइव वाहनों में आवाजाही की सुविधा मिलती रही लेकिन आवाजाही में भारी भरकम किराया देना पड़ता था। अब एचआरटीसी ने सोमवार से घाटी के रूटों सहित केलंग मनाली के बीच भी बस सेवा शुरू कर दी है। आज मनाली से सुबह दस बजे व दोपहर दो बजे बस केलंग रवाना हुई। जबकि केलंग से साढ़े 10 व दोपहर डेढ़ बजे मनाली के लिए बस रवाना हुई। सुबह आठ बजे व शाम को तीन बजे जबकि उदयपुर से केलंग के लिए सुबह आठ व दोपहर तीन बजे बस रवाना हुई। साथ ही केलंग से दारचा के लिए सुबह आठ व दोपहर तीन बजे व दारचा से केलंग के लिए सुबह नौ व शाम चार बजे बस रवाना हुई। एचआरटीसी आरएम अंचित ने बताया कि लाहुल घाटी सहित केलंग मनाली के बीच सोमवार से बस सेवा शुरू कर दी है। केलंग से साढ़े 10 व दोपहर डेढ़ बजे जबकि मनाली से सुबह 10 व दोपहर दो बजे बस रवाना होगी। अंचित ने बताया कि बस सेवा मौसम पर निर्भर रहेगी।

### व्यवस्था परिवर्तन का राग अलाप कर कांग्रेस सरकार कर रही अपने चहेतों की फि जूलखर्ची की व्यवस्था: शौरी

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
बंजार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेस में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर अपने माननीयों के ऐशो-आराम की व्यवस्था में लगी है। नई सरकार बनने के बाद से ही नए कार्यों के लिए बजट वयवस्था रोक दी गई हैं, छोटे-बड़े कार्यों के लिए निविदाओं पर भी रोक लगाई गई है। वित्त बर्ष की अंतिम तिमाही का कोई भी पैसा ना जिला को और ना ही विधायकों को जारी किया गया है। प्रदेश के ख?ाब वित्तीय हालातों का हवाला देकर जनहित में खोले गए सैंकड़ो संस्थान बंद कर के अपनी अन्य सृजनात्मक व विकासात्मक जिम्मेवारियों से बचने का यह सरकार प्रयास कर रही है। टैक्स बढ़ाकर भी अभी तक अपनी चुनावी गारंटियाँ पूरी करने की ओर सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं ले पाई है, वरस्पद इसके प्रदेश में आधा दर्जन मुख्य संसदीय सचिव बनाकर उन्हें प्रदेश में मंत्री पद की गरिमा देने के लिए अतिरिक्त खर्च किया जा रहा है। विधायक शौरी ने कहा कि तकनीकी संचार साधन प्रचुर इस युग में भी पुराने प्रबंधित बजट को नई बजट स्वीकृति बताकर वाहवाही बटोरने का कांग्रेसी नेता निरर्थक प्रयास कर रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री इसी व्यवस्था परिवर्तन की बात कर रहे हैं तो अवश्य ही वे इसमें सफल हुए हैं। रोजगार सृजित करने की राह में हमीरपुर बोर्ड को भंग कर दिया गया है पर उसके विकल्प पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। बोर्ड द्वारा शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया को पाबंध समय में पूरा करने की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। कुल्लू की आक्रोश रैली तो सांकेतिक मात्र है, यदि सरकार अपनी नीयत व नीति में बदलाव नहीं करती है तो जल्द ही जन आक्रोश को आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

### हिम आंचल सेफ की बैठक हुई

**शिमला/चमन शर्मा**
हिम आंचल सेफ की बैठक गत दिवस को को चलोठी बाईपास सिंह तंदूर रेस्टोरेंट पर अध्यक्ष नंदलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जिलों से पहुंचे होटलों रेस्टोरेंट प्रबंधको महाप्रबंधक ने हिस्सा लिया बैठक में विशेष तौर पर रजनीश मलकोटी राजीव आहूजा राजीव भारद्वाज विजय बिष्ट सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर वातालाॅप की गई, जिसमें आगामी सैफ कंपटीशन व सेमिनार पर चर्चा व प्रदेश में कोरोना के कारण हजारों होटल लाइन से जुड़े कामगारों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा आने वाले समय में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और जो लोग इस महामारी के दौरान बेकार हो गए। उन्हें कैसे प्रोत्साहित किया जाए उन्हें कैसे मजबूत किया जाए चर्चा की गई हिमाचली व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी जगह बनाने के लिए भी चर्चा की गई होम डिलीवरी को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरकोटी में लता कुमारी को चुना गया सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति की नई अध्यक्ष



**चंबा/हामिद**
राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरकोटी में कार्यरत प्रभारी सुनील जरयाल ने बताया कि विद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र 13 फरवरी से शुरू हुआ है और विद्यालय में बच्चों का नामांकन बढ़ाने हेतु स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से प्रयास जारी हैं। आज स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन एसएमसी अध्यक्ष रितु कुमारी की अध्यक्षता में हुआ जिसमें सभी अभिवावकों ने भाग लिया। इसमें विद्यालय में सरकारी ग्रांट का ब्यौरा एसएमसी के समक्ष रखा गया और बच्चों के पठन पाठन से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई । पूर्व में आयोजित स्कूल शिक्षा संवाद में भी विभागीय निदेशों के अनुसार समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। पाठशाला प्रभारी सुनील कुमार जरयाल ने बताया कि इस बैठक का आयोजन बच्चों को एफएलएन के अंतर्गत टीएलएम किट वितरण हेतु किया गया था। एसएमसी अध्यक्ष रितु कुमारी ने सभी बच्चों को उक्त किट बांटी। विद्यालय प्रभारी ने बताया कि बच्चों को गृह कार्य हेतु गृह कार्य डायरी भी बांटी गई। इस मौके पर वर्तमान एसएमसी अध्यक्ष ने समस्त अभिभावक सदस्यों को बताया कि उनका बच्चा दिसंबर 2022 में पांचवी कक्षा पास कर गया है, इसीलिए नए अध्यक्ष का चुनाव करवा लिया जाए और इसके लिए प्रस्ताव सचिव महोदय के समक्ष रखा गया। सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि सभी अभिवावकों से पिछली बैठक में इस बारे में विस्तृत चर्चा हो चुकी थी इसीलिए इस बार बैठक में नए एसएमसी अध्यक्ष के पद हेतु लता कुमारी का नाम पूर्व एसएमसी अध्यक्ष रितु कुमारी ने प्रस्तुत किया जिसका सभी एसएमसी सदस्यों ने समर्थन किया और लता कुमारी सर्वसम्मति से राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरकोटी की नई अध्यक्ष चुनी गई। उनके साथ सदस्य के रूप में शीलो, आशा, शशिकला को चुना गया। इस बैठक में बॉबी कुमारी, हितेश कुमारी, ऋतु कुमारी, शशिकला, शीलो, आशा कुमारी, गीता देवी सदस्य सचिव दिनेश आदि मौजूद रहे।

## गहरा कोठी में घर के टूटे ताले, शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

**ऊना/राजन पुरी**
थाना बंगाणा के तहत गहरा कोठी में एक घर के ताले तोड़ने का मामला सामने आया है। शातिर घर से मात्र टीवी ट्राली चुराने में सफल रहे। इसके अलावा घर का सामान विखरा पड़ा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र कुमार निवासी कोठी पिछले काफी समय से गोवा में रह रहा है। सोमवार को गांव से फोन के माध्यम से पता चला कि घर के ताले टूटे हुए हैं। जिसकी शिकायत सुरेंद्र कुमार ने फोन के माध्यम से पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी।

## राज्यपाल ने एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
ऑल इंडिया एक्यूपंक्चर फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संत बाबा नाहर सिंह जी की स्मृति में राज्य रेडक्रॉस को दान की गई एंबुलेंस को आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एंबुलेंस का संचालन जिला रेडक्रॉस सोसायटी हमीरपुर द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

## ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाने में बैंकिंग सेक्टर की अहम भूमिका

**चंबा/हामिद**
अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को चंबा जिला के भटियात विकास खंड के तहत सिहुन्ता में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की 267वीं शाखा का शुभारंभ किया। इस मौके पर बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,एसडीएम सुनील कैंथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की चंबा जिला में यह 39वीं शाखा है जबकि भटियात विकास खण्ड के तहत 12वीं शाखा ने आज से विधिवत कार्य करना शुरू कर दिया है। इस शाखा के खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को घरद्वार के नजदीक बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाने



में बैंकिंग सेक्टर की अहम भूमिका रही हैं। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने प्रदेश के 12 जिलों के ग्रामीण एवम दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को बेहतर व सुगम बुनियादी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवा कर बैंक ग्राहकों के दिलों में नई पहचान स्थापित की है। विशेषकर कठिन क्षेत्र के लोगों का आज भी सबसे विश्वसनीय बैंक बनकर उभरा है।
विधानसभा अध्यक्ष ने बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तथा कर्मठ स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से लोगों में बैंक के प्रति विश्वास की भावना पैदा होने के साथ कारोबार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बैंक के अध्यक्ष और कर्मठ स्टाफ की मेहनत से बैंक आने वाले समय में नई ऊंचाइयो को छुएगा। इससे पहलेए बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने मुख्यातिथि का शाल व टोपी पहना कर स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाएं बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय बैंक का कुल व्यवसाय 10500 करोड़ रुपए है। बैंक राज्य के 17 लाख से अधिक ग्राहकों को प्रदेश तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन ऋ ण व बीमा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ आधुनिक बैंक सुविधाएं प्रदान करने में कामयाब हुआ है। जिसका श्रेय उन्होंने बैंक के समस्त स्टाफ के साथ-साथ सभी खाताधारकों को दिया जिनका बैंक के प्रति विश्वास व सहयोग बना हुआ है।

## नन्हीं सूर्यांशी सिंह ने मंडयाली लोक साहित्य का किया लोकार्पण

### साहित्यकार कृष्णचंद्र महादेविया ने लीक से हटकर किया पुस्तक का विमोचन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
किताब के प्रकाशन के बाद लेखक के लिए पुस्तक विमोचन एक रस्म अदायगी बन कर रह गई है। जिसके लिए कई लेखक पुस्तक मेले की दौड़ लगाते हैं तो कई तथाकथित विद्वानों के पीछे भागते और कई अपात्र अधिकारियों के हाथों अपनी किताबों का विमोचन करवाकर स्वयं को धन्य मानते हैं। मगर मंडी जिला के महादेव के लोक साहित्यकार कृष्णचंद्र महादेविया ने लीक से हटकर एक नन्हीं पाठक से अपनी पुस्तक का विमोचन करवाया। महादेव में



किसी बड़े मंच पर नहीं बल्कि खेतों के बीच खड़े होकर नन्हीं प्रियांशी सिंह द्वारा कृष्ण चंद्र महादेविया के द्वारा लिखी और संग्रहित मंडयाली लोक साहित्य पुस्तक का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक कृष्ण चंद्र महादेविया ने ऐसे साहित्यकारों को समर्पित की हैं जो बिना शोर-शराबे के लोक साहित्य के प्रति समर्पित हैं, इनके द्वारा लोक साहित्य को लेकर बहुत लंबे समय से दूर-दूर जाकर, लोक साहित्य का संग्रह, पोषण, संरक्षण, लेखन, प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित व्यक्ति हैं। इसके साथ ही कृष्ण महादेविया लघुकथाओं में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित लघु कथाकार हैं। महादेविया ने बताया कि उनकी मंडयाली लोक साहित्य पुस्तक में लोक कथाएं, लोकोक्तियां, लोकनाट्य, लोक मुक्तक गीत संकलित हैं। इसके अलावा तरह-तरह की लोक कथाएं तरह-तरह की लोकोक्तियां, तरह-तरह के लोकनाट्य और लोक मुक्तक गीत हैं। यह पुस्तक पाठकों का मनोरंजन तो करेंगी ही साथ में शोध छात्रों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण पुस्तक है, जिसका नन्ही बालिका ने लोकार्पण किया। कृष्ण चंद्र महादेविया तामझाम से दूर अपने लेखन में चुपचाप लगे रहते हैं। इन्हें लोक साहित्य के लिए कई पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। लोक साहित्य के लिए गुरुकुल स्टेट अवार्ड 2013 कुल्लू, चंद्रमणि वशिष्ठ पुरस्कार सिरमौर 2014, ट्रेडिशनल आर्टिस्टऑफ द ईयर 2015, भुट्टिको कुल्लू द्वारा ठाकुर मालू राम पुरस्कार 2018 आदि प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। स्थानीय व राज्य स्तर पर 14 बार पुरस्कार इन्हें प्राप्त हुए हैं।
मंडयाली लोक साहित्य के लिए इन्हें सुकेत साहित्य एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदर नगर के अध्यक्ष एवं ख्यात उपन्यासकार गंगाराम राजी, कवि सुरेंद्र मिश्रा, सहित आदि ने बधाई दी।

## भीम चंद बने धर्म संघ के प्रधान, रवि वैद्य वरिष्ठ उपप्रधान तो चम्पा अनिल को उपप्रधान का जिम्मा

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
धर्म संघ भूतनाथ मंदिर की बैठक सनातन धर्म सभा मंडी में रवि वैद्य की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके लिए निर्वाचन अधिकारी शिवपाल शर्मा प्रधान देवता समिति को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया।
प्रधान भीम चंद सरोच, वरिष्ठ उप प्रधान रवि वैद्य उपप्रधान चंपा शर्मा और अनिल शर्मा महासचिव अनुपम टंडन कोषाध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा अतिरिक्त महासचिव महेंद्र पाल राणा संगठन सचिव रेवती राम शर्मा मुख्य सलाहकार शिवपाल शर्मा सलाहकार



बालकृष्ण शर्मा धार्मिक सचिव माया शर्मा और जयद्रथ शर्मा प्रेस सचिव अजय सहगल को निर्वाचित घोषित किया गया इसी के साथ निम्नलिखित कार्यकारिणी के सदस्यों का भी चयन किया गया।
जिसमें हरीश बैहल, उत्तम चंद सैनी खेमराज गुप्ता, जितेंद्र मोहन शर्मा, शमशेर सिंह मिन्हास, दिना नाथ सैनी व नीलम शर्मा, गीतांजलि शर्मा एडवोकेट, मंजुला शर्मा, सरदार निर्मल सिंह, हरमीत सिंह, जगदेव सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, नरेंद्र कुमार चोपड़ा व टेकचंद शर्मा को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। धन देव शर्मा को सलाहकार बनाया गया।

# छोटी काशी मंडी की गलियों में उड़ा अबीर गुलाल

## देश की होली से दो दिन पहले मनाई गई इस बार मंडी की होली

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
छोटी काशी मंडी में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्योतिष गणना के मुताबिक छोटी काशी में सोमवार को होली मनाई गई। रंगों के इस त्यौहार में मंडी के सेरी मंच, गलियों, मोहल्लों, उपायुक्त आवास और जिला के अन्य भागों में भी रंगों का त्योहार मनाया गया। बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे पर गुलाल उड़ेला गया तथा एक-दूसरे को बधाइयां भी दी गई। मंडी के सेरी मंच की होली देश की एक अलग सी अनूठी होली खेली जाती है। यहां पर हजारों की तादात में लोग एकत्र होते हैं और डीजे तथा अन्य यंत्रों की धुन में थिरकते हुए एक-दूसरे पर गुलाल डालते हैं। शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र होगा जहां पर इस प्रकार की होली मनाई जाती हो। रंगों के इस त्यौहार में सभी रंगते हुए नजर आए। उपायुक्त मंडी ने अपने आवास में होली के अवसर पर विशेष कार्यक्रम रखा था तथा रंगों के इस त्यौहार को खुशी-खुशी



से शहरवासियों के साथ मनाया। प्रदेश में होली का त्योहार प्रकृति और मानवीय उल्लास का प्रतीक है। यहां की होली का वनफूलों की तरह अपना ही अलग रंग है। छोटी काशी मंडी में राजदेवता माधवराय भी होली के रंग से सराबोर हुए। छोटी काशी मंडी की गलियों में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। आमतौर पर मंडी की होली देश में मनाई जाने वाली होली से एक दिन पूर्व मनाई जाती है मगर इस बार यह दो दिन पूर्व ही मनाई गई। ज्योतिषियों की गणना के अनुसार सात मार्च का दिन फ ाग फूं कने के लिए शुभ नहीं है। मंडी की होली की खासियत यह है कि यहां गैरों पर रंग नहीं डाला जाता। बिना जान पहचान के किसी पर रंग नहीं डालते और महिलाएं भी बाजार में होली खेलने आती है। राजदेवता माधोराय की भागीदारी तो रियासतकाल से ही होली में रही है। उस जमाने में मंदिर के प्रांगण में पीतल के बड़े बर्तनों में रंग घोला जाता था। राजा अपने दरबारियों के साथ यहां होली खेलता था। यही नहीं राजा घोड़े पर सवार होकर प्रजा के बीच भी होली खेलने जाता था। उस समय स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक रंगों की महक से होली की रंगत सराबोर होती थी। होली की यह मस्ती मंडी में माधोराय की जलेब निकलने के पश्चात समाप्त हो गई। मंडी जनपद के ग्रामीण अंचलों में होली का उल्लस और जोश देखते ही बनता है। गांवों में अबीर गुलाल के अलावा प्राकृतिक रंगों की होली खेली गई। चीड़ और देवदार के पराग के रूप में निकलने वाला पीला पदार्थ जिसे स्थानीय बोली में पठावा कहा जाता है, इसे इक्टठा करके होली इसका उपयोग किया जाता है। आमतौर देवताओं को तिलक लगाने में भी पठावे का उपयोग किया जाता है। कांभल नामक वृक्ष की टहनी को फाग के रूप में जलाने की परंपरा है। इसके पीछे मान्यता यह है कि जिस तरह से होली का दहन हुआ है, उसी प्रकार रोग और दरिद्रता का भी फ ाग की इस आग में जल कर भस्म हो जाए जिससे घर गांव में खुशहाली और समृद्धि आती हैं। इस अवसर पर गांव की महिलाएं चावल के आटे का पकवान चिलहड़ू बनाती है। जिसे दूध और घी के साथ खाया जाता है।

हिमाचल की वादियों में होली प्रकृति और मानव के बीच के रिश्तों को सार्थकता प्रदान करते हुए प्रकृति और मानवीय उल्लास के रंगों से सराबोर रहती है। पहाड़ की होली में रंगों और खुशबूओं का अनूठा सामंजस्य होता है। यहां की होली ब्रज की होली की तरह राधा कृष्ण की प्रेम लीला के रंग से सराबोर नहीं होती और न ही बरसाना की लठमार होली का इतिहास यहां से जुड़ा है।

# पंचवटी कलोनी चोरों ने घर से चुराए आभूषण व कैश

## पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**ऊना/राजन पुरी**
थाना अंब के तहत पंचवटी कलोनी में अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े एक घर से सोने के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर दिए। अज्ञात चोरों ने परिवारिक सदस्यों की गैर मौजूदगी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के संबंध में शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दर्शन सिंह निवासी पंचवटी कलोनी अंब ने बताया कि रविवार को अपने परिवार के साथ गुगा मंदिर में माथा टेकने के लिए गया हुए थे। शाम को लौटने पर पाया कि मेन गेट के साथ कमरे की कुंडी टूटी हुई थी। इतना ही नहीं कमरे के दरवाजे के भी ईंट से तोड़ने की कोशिश की गई थी। घर के अंदर प्रवेश किया और देखा कि बैडरूम के दरवाजे



को तोडकर कमरे में रखी अलमारी के दराज बाहर निकले हुए थे और अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी को चैक किया तो पाया की अज्ञात चोरों ने दराज में रखी पौने लाख रुपये की चेन व हजारों का कैश गायब था। घटना के संबंध में दर्शन सिंह ने पुलिस को शिकायत सौंपी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अजित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्यपाल ने लोगों से प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना का लाभ उठाने का किया आग्रह

## जन औषधि केन्द्रों पर 1759 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध

**शिमला/चमन शर्मा**
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना पीएमबीजेपी के तहत हिमाचल प्रदेश के लोगों को 48 जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से इस परियोजना का लाभ उठाएं उठाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि 7 मार्च, 2023 को पीएमबीजेपी के तहत पांचवें जन औषधि दिवस का आयोजन किया जा रहा है और इस वर्ष कार्यक्रम की विषय वस्तु 'जन औषधि-सस्ती भी, अच्छी भीइ है। उन्होंने कहा कि एक मार्च से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों का जन औषधि पर विश्वास बढ़े। उन्होंने कहा कि जन औषधि दवाओं की कीमतें आम तौर पर ब्रांडेड दवाओं की कीमतों की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत कम होती हैं। ये दवाएं खुले बाजार में उपलब्ध होती हैं और इनकी गुणवत्ता महंगी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है जो उपचार के लिए प्रतिदिन दवा का सेवन करते हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों पर 1759 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं और 280 सर्जिकल और अन्य उत्पाद उपलब्ध करवाए जाते हैं। सभी



दवाएं डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित आपूर्तिकर्ताओं से ही खरीदी जाती हैं। गोदामों में प्राप्त होने के बाद दवा के प्रत्येक बैच का स्वतंत्र रूप से परीक्षण किया जाता है। इन दवाओं का राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण किया जाता है और इसके पश्चात ही दवाओं को बिक्री के लिए केंद्र में भेजा जाता है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से भी आग्रह किया है कि वे मरीजों को जेनरिक दवाओं का परामर्श दें ताकि गरीब व अन्य वर्गों को इसका लाभ मिल सके। राज्यपाल ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में वित्त वर्ष 2022-23 में जन औषधि केन्द्रों से दवाओं की बिक्री से लगभग 30 करोड़ रुपये की बचत हुई है। आयुष्मान और हिम केयर कार्ड के जरिए भी 50 करोड़ रुपये की बचत की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। केंद्र के संचालकों को सरकार द्वारा पांच लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है तथा महिला उद्यमियों, दिव्यांगों, सेवानिवृत्त सैनिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के युवाओं व पर्वतीय क्षेत्रों में भी दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, फ ार्मासिस्ट उद्यमी, गैर सरकारी संगठन, ट्रस्ट, सोसायटी संस्थान आदि, जिनके पास 120 वर्ग फुट की दुकान और एक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट उपलब्ध है, वे जन औषधि केंद्र खोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये योजना रोजगार और आय के वैकल्पिक साधन के साथ उभरी है, जिसका प्रदेश की जनता को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# बद्दी में स्कूटी से गांजा बरामद, मामला दर्ज

**सोलन**
जिले के तहत पुलिस थाना बद्दी के अंतर्गत अन्वेषणाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रविवार शाम सब्जी मंडी बद्दी के नजदीक एक स्कूटी नम्बर एच पी12एल1449 को रोककर तलाशी ली गई ।
तालाशी के दौरान दौरान स्कूटी की डिग्गी से 219 ग्राम गांजा बरामद किया गया । पुलिस अधीक्षक बी बी एन मोहित चावला ने बताया कि आरोपी की पहचान हनी ठाकुर निवासी गाँव जाठिया जिला शिमला के रुप में हुई है । उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में पुलिस थाना बद्दी में एन डी एन्ड पी एस एक्ट अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# मणिकर्ण में मारपीट आरोपियों को गिरफ्तार करें पुलिस प्रशासन

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला कुल्लू के मणिकर्ण घाटी में देर रात जो प्रकरण हुआ है। उस प्रकरण में दोषियों को जल्द से जल्द पुलिस प्रशासन को गिरफ्तार करना चाहिए। ताकि शांत वादियों में दोबारा से इस तरह की घटना ना हो सके। ढालपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनावों के बीजेपी प्रत्याशी रहे नरोत्तम ठाकुर ने कहा है कि इस सरकार के आते ही कानून व्यवस्था चरमरा गई है। इस सरकार में पहले तालाबंदी हुई अब गुंडागर्दी का नंगा नाच हो रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन हर साल आता है और सरकार को इसके लिए तैयारी करनी होती है लेकिन यह




सरकार तालाबंदी व भाजपा के कार्यों के उदघाटन करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि करीब 300 डंडा धारियों ने मणिकर्ण में लोगों के घर तोड़े। 200 से अधिक गाड़ियां तोड़ी। इसके अलावा नैना माता मंदिर, राम मंदिर को नुकसान पहुंचाया वहीं, रघुनाथ के लकड़ी नुमा रथ को नुकसान पहुंचाया और सरकार व प्रशाशन तमाशा देखती रही। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण धार्मिक नगरी है और यहां पर हजारों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण बस अड्डे में चुंगी लगाने के कारण पार्किंग की समस्या खड़ी हो गई है और जो पर्यटक वहां आ रहे थे। वे इधर-उधर बाइक पार्किंग कर रहे थे यहीं से झगड़ा शुरू हुआ है।
उन्होंने कहा कि सरकार को इस ओर गंभीर होना चाहिए।
संजय कुंडू का बयान हास्यस्पद नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू का बयान हास्यस्पद है। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण में गुंडागर्दी का नंगा नाच हुआ और संजय कुंडू कह रहे हैं कि मणिकर्ण में कुछ नहीं हुआ।
लेकिन स्थानीय लोगो के द्वारा इसके वीडियो रिकॉर्ड किए गए लोग अभी भी दहशत में हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं सप्ताह के उपलक्ष में भाषण प्रतियभगिता का आयोजन

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं एन एस एस हमीरपुर के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं सप्ताह के उपलक्ष में भाषण प्रतियभगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के प्राचार्य डॉक्टर चंदन भरद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी दीपमालाएएन इस इस



नोडल अधिकारी डॉक्टर उत्तम शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉक्टर एनडी खना, असिस्टेंट प्रोफेसर अल्पना शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्व प्रथम जिला युवा अधिकारी दीपमला द्वारा मुख्य अतिथि को तस्वीर दे के समानित किया गया।

# कुछ पदाधिकारी पासा पलटकर पद हथियाने के बाद अपनी गोटियां फिट करने की फिराक में: ध्यान सिंह ठाकुर



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
सीमेंट डंप पर अभी भी गाड़ियां से 6 दिन बाद खाली हो रही है। बीडीटएस के पूर्व प्रधान जीत राम गौतम, ध्यान सिंह ठाकुर,राजेश ठाकुर, कश्मीर सिंह चंदेल, बालकराम कपिल, रामकुमार शर्मा, सुभाष कपल्स,रतन लाल ठाकुर ने कहा कि बीडीटीएस प्रबंधन वेयरहाउस और डंप पर निगरानी क्यों नहीं रख रहे है। पूर्व में रहे कंट्रोलर ध्यान सिंह ठाकुर ने कहा कि आपरेटरों के साथ हुए तय किए गए वादों के साथ कार्य नहीं हो रहा है। आनंदपुर कानपुर खुई और उखली में बीडीटीएस प्रबंधन स्वयं जाकर चेक करें, तब जाकर पता चलेगा कि पांच-पांच दिन बाद भी गाडि ?ां अनलोड नहीं हो रही है। यहां तक कि 28 फरवरी की लोड हुई गाड़ी 5 मार्च को अनलोड हो रही है। सत्ता के लालच में यह लोग ट्रांसपोर्टरों के हकों पर कुठाराघात कर रहे हैं। यही लोग जो जीतराम के पैनल में थे वहां पर जब इनकी दाल नहीं गली तो वहां से पासा पलट कर दूसरे गुट में आ गए और महासचिव का पद हथियाने के बाद अपनी गोटियां फिट कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने एसीसी सीमेंट प्रबंधन पर बैग लगाने व एनुअल हाइक को लेने के लिए दबाव नहीं डाला था। यह हमारे ऊपर अडियल रवैया लगाने का आरोप लगा रहे हैं। यह लोग उस समय स्वयं सता में थे। 8 महीने के बाद जीतराम गौतम प्रधान का पेनल छोड़ कर दूसरे पैनल में आ गए थे। उस वक्त यह लोग कहते थे कि हम सीमेंट ढुलाई का रेट कतई कम नहीं करेंगे और न ही एनुअल हाइक को छोड़ेंगे। आज कहां गए इनके ये वादे, ट्रांसपोर्ट अब इन लोगों से जवाब मांग रहे हैं। ढाई माह के लंबे आंदोलन के बाद भी सीमेंट ढुलाई के कम रेट करने के बावजूद भी लोगों की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम रहे हैं।

# महिलाओं के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: सुधीर शर्मा

**धर्मशाला**
धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक उत्थान तथा उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए महिला कल्याण व उत्थान योजनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अनेक नई योजनाएं चलाई जाएंगी। सोमवार को मंदल में लगभग साढ़े चार लाख से बनने वाले शिव महिमा महिला मंडल भवन के उद्घाटन के उपरांत सुधीर शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में आम जनता के काम हैं।

# कांग्रेस प्रवक्ता कुशल जेठी के बयान पर सिरमौर भाजपा में उबाल

**नाहन/एसपी जैरथ**
सोलन से संबंध रखने वाले कांग्रेस के प्रवक्ता कुशल जेठी के द्वारा सिरमौरी ऊपर देर से ज्ञान होने की टिप्पणी किए जाने को लेकर ना केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस ने भी नाराजगी व्यक्त की है। भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कुशल जेठी को सिक मानसिकता रोगी करार दिया है। तो कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व हिमाचल निमार्ता के पोते आनंद परमार सहित श्री रेणुका जी के विधायक विनय कुमार ने भी कुशल जेठी के बयान को निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि सिरमौर आस्था और रिवाजों पर राजनीतिक बयानबाजी किया जाना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि हालांकि जेठी ने माफी मांग ली है मगर



उन्होंने यह भी कहा कि गलती मानने पर माफ करना भी हमारा बड़प्पन है। जिला सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि सिरमौरियों को हर बात का ज्ञान देर में होना कांग्रेस प्रवक्ता की संकीर्ण मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता ने ऐसा कहकर कि जब भगवान रामचंद्र ने रावण का वध किया था तो सिरमौरयों को इसका ज्ञान एक महीने बाद हुआ था।
इसीलिए वह बूढ़ी दिवाली मनाते हैं। विनय गुप्ता ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में आस्था पर प्रहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज जिस प्रदेश में वह ताजी हवा और सांस ले रहे हैं उसके निमार्ता भी इसी सिरमौर से ताल्लुक रखते थे। विनय गुप्ता ने कहा कि कुशल जेठी के अशोभनीय अभियान पर प्रदेश सरकार और कांग्रेस माफी मांगे। बता दें कि कुशल जेठी सोलन से ताल्लुक रखते हैं कभी वह भाजपा नेताओं के साथ गल बंईयां किया करा करते थे जब भाजपा में उनकी दाल नहीं गली तो उन्होंने भाजपा सरकार के दौरान बाय इलेक्शन में कांग्रेस का दामन थाम लिया था। अक्सर विवादित बयान देने को लेकर कुशल जेडी चचाओं में रहते हैं। सिरमौरियों के लिए देर से ज्ञान होने वाला बयान देकर एक बार फिर उन्होंने बवाल खड़ा कर दिया है।
उनके इस बयान की ना केवल भाजपा के द्वारा बल्कि कांग्रेसियों के द्वारा भी कड़ी निंदा की जा रही है। नाम ना छापने की शर्त पर कई कांग्रेस नेताओं ने तो यहां तक भी कहा कि पार्टी में प्रवक्ता का पद एक जिम्मेदार व्यक्ति को दिया जाता है ना कि ऐसे व्यक्ति को जिसके कारण पार्टी और सरकार को भी नुकसान पहुंचे।

# सुजानपुर में मुख्यमंत्री की घोषणाएं पुरानी बोतल में नई शराब की तरह: कैप्टन

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुजानपुर में मुख्यमंत्री की घोषणाएं पुरानी बोतल में नई शराब की तरह है पहले कार्यालय डिनोटिफाई किए उसके बाद उन्हीं कार्योलयो को खोलने की घोषणा कर दी, मुख्यमंत्री अपनी तरफ से कुछ नया करते तो कुछ बात बनती यह बात सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे वर्तमान में जिला परिषद सदस्य कैप्टन रंजीत राणा ने कांग्रेस पार्टी पर चुटकी लेते हुए कही है भाजपा नेताओं ने कहा कि स्थानीय विधायक अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में मुख्यमंत्री के सामने विकास कार्यों की लंबी लिस्ट सुनाते रहे लेकिन विधायक शायद इस बात को भूल



गए हैं कि यह दोनों डिवीजन कार्यालय उनकी सरकार ने ही डिनोटिफाई किए हैं इन्हें सुजानपुर में धरातल पर खोलने का कार्य पूर्व में रही भाजपा सरकार ने किया है सत्ता परिवर्तन होने के बाद प्रदेश में स्थापित कांग्रेस सरकार के मुखिया ने सबसे पहले उन कार्यालयों को बंद करने की घोषणा की जो पूर्व में भाजपा सरकार ने खोले थे और हास्य पद बात यह है कि उन्हीं दोनों डिवीजन कार्यालयों को खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री होली मेले की सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर सुजानपुर में मंच से करते हुए नजर आए भाजपा नेताओं ने कहा कि अगर डिवीजन कार्यालय खोलने ही थे तो उन्हें बंद क्यों करवाया था क्या केवल वाहवाही लूटने के चक्कर में पहले बंद किए और फिर शुरू कर दिए विधानसभा क्षेत्र की जनता जानती है कि कौन सा कार्यालय किसने खुलवाया है और कौन से कार्यालयों पर कौन ताला लटका रहा है उन्होंने कहा कि सुजानपुर के सिविल हस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर सो बेड करने की बात यहा के विधयक कर रहे है। अगर बेड संख्या बढ़ाने की बजाय यहां बेहतरीन डॉक्टर उपलब्ध करवाते तो शायद इलाके की जनता के लिए बेहतरीन बात होती उन्होंने कहा कि एक तरफ से सत्तासीन सरकार शिक्षण संस्थानों को बंद कर रही है अनेकों महाविद्यालय जो भाजपा ने खोले थे उन्हें डिनोटिफाई किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ स्थानीय विधायक मुख्यमंत्री से नया महाविद्यालय खुलवाने की मांग कर रहे हैं तमाम बातें हास्य पद हैं सुजानपुर में बस स्टैंड की घोषणा पूर्व में रही कांग्रेस सरकार के उस समय के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पहले भी की थी लेकिन एक बार फिर से अब बस स्टैंड की घोषणा सुखविंदर सिंह सुक्खू से यहां के विधायक ने करवाई है उन्होंने कहा कि विधायक इस पर स्थिति स्पष्ट करें कि वीरभद्र सिंह की घोषणा पर उन्हें विश्वास नहीं था जो उन्हें फि र से बस अड्डे की घोषणा सुखविंदर सिंह सुक्खू से करवाने की सूझ पड़ी। कुल मिलाकर स्थानीय विधायक ने अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में मुख्यमंत्री से झूठी घोषणाओं की झड़ी लगवाई है।

# नाहन चौगान के समीप महक रेस्टोरेंट में लगी आग, अग्निशमन दल ने पाया काबू

**नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान के समीप एक रेस्टोरेंट में आज तडके भीषण आग लग गई। इस आगजनी में लाखों की सम्पति आग की भेट चढ़ गई।
जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह ही कुछ लोगों ने रेस्टोरेंट्स से धुआं निकलने हुए देखा तो इसकी सूचना रेस्टोरेंट के मालिक कुणाल सचदेवा को दी। कुनाल ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी तथा स्वयं भी मौके पर पहुंचे। जैसे ही रेस्टोरेंट का शटर खोला तो आग की लपटें रेस्टोरेंट के भीतर से उठ




रही थी। गनीमत यह रही कि आग रेस्टोरेंट की रसोई तक नहीं पहुंची जहां पर सिलेंडर रखे गए थे। रसोई में सिलेंडर की संख्या 4 से 5 बताई जा रही है लेकिन आग को तुरंत अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर काबू कर लिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यदि आग रसोई तक पहुंच गई होती तो वह रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि इस रेस्टोरेंट के ऊपर स्टेट बैंक के भवन के साथ अन्य दुकानें भी हैं जिस कारण करोड़ों का नुकसान हो सकता था। आपको बता दें कि इसी भवन की पहली मंजिल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा भी है। जिसमें ना केवल करोड़ों रुपयों की नकदी होती है बल्कि उपभोक्ताओं के लॉकर्स भी है। जिसमे सोने चांदी के अलावा लोगों की सम्पति के कागजात भी रहते हैं।

# राजेंद्र राणा की हर मांग पर मोहर लगाकर सीएम ने दिए सुजानपुर को तोहफे

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुजानपुर की ऐतिहासिक होली इस बार सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए तोहफो की अनमोल झड़ी लेकर आई।

राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव का आगाज करने आए प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष स्थानीय विधायक राजेंद्र राणा ने मंच से जितनी भी मांगे रखी, उन सब मांगों पर मोहर लगाकर मुख्यमंत्री ने इलाके की जनता को कई अनमोल तोहफो से नवाजने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

सुजानपुर के होली महोत्सव के शुभारंभ पर इस बार भी उसी तरह ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सुजानपुर के होली महोत्सव में उनके आगमन पर उमड़ती थी और राजेंद्र राणा उनके स्वागत के लिए कोई

**8 इतिहास ने खुद को दोहराया और विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का भारी भीड़ जुटाकर ऐतिहासिक स्वागत किया**

कसर बाकी नहीं रखते थे और वीरभद्र सिंह भी सुजानपुर की जनता को तोहफे देने में पीछे नहीं रहते थे। इस बार फिर से इतिहास ने खुद को दोहराया और विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का भारी भीड़ जुटाकर ऐतिहासिक स्वागत किया और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी विधायक राजेंद्र राणा की हर मांग को खुले दिल से स्वीकार करके सुजानपुर की जनता को गदगद कर दिया। मुख्यमंत्री से ढेरों तोहफे लेकर विधायक राजेंद्र राणा ने इलाके के चहुमुखी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को फिर से जाहिर कर



दिया। प्रदेश में सरकार बदलने पर विधायक राजेंद्र राणा का जादू एक बार फिर से सिर चढकर बोलता दिखा। विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर के सिविल अस्पताल की बैड क्षमता को 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर तक करने और इसे पूरी तरह अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी जिन्हें मंजूर करने में मुख्यमंत्री ने पल भर की देरी नहीं लगाई। इससे इलाके की जनता को घर द्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के टौनी देवी में नया डिग्री कॉलेज खोलने की मांग भी जोरदार तरीके से मुख्यमंत्री के समक्ष रखी ताकि बमसन क्षेत्र के दूरदराज गांव के विद्यार्थियों के साथ साथ भोरंज सभा क्षेत्र के कुछ गांवों और साथ लगते धर्मपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को घर के नजदीक उच्च शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा हासिल हो सके। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह ऐतिहासिक तोहफा भी प्रदान करने का ऐलान किया और अगले साल शैक्षणिक सत्र से नया डिग्री कॉलेज भी क्रियाशील हो जाएगा। टौनी देवी के आसपास इस कॉलेज के निर्माण के लिए जमीन का चयन भी कर लिया गया है। विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर डिग्री कॉलेज में अगले साल से अर्थशास्त्र और अंग्रेजी में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी जिन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी। यही नहीं, सुजानपुर में अत्याधुनिक बस स्टैंड की मांग लंबे समय से इलाके की जनता कर रही थी। होली महोत्सव पर मुख्यमंत्री ने इस मांग को भी पूरा करने का ऐलान कर दिया और अब नया बस अड्डा सुजानपुर के मध्य में स्थित प्राइमरी स्कूल का भवन गिराकर बनाया जाएगा और प्राइमरी स्कूल को अन्य उपयुक्त जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा बिना बजट का प्रावधान किए प्रदेश भर में खोले गए जिन संस्थानों को डिनोटिफाई कर दिया था, उनमें से सुजानपुर के जल शक्ति डिवीजन और इलेक्ट्रिकल डिविजन को पर्याप्त बजट के प्रावधान के साथ फिर से खोलने की विधायक राजेंद्र राणा द्वारा रखी गई मांगों भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी। इससे इलाके की जनता को दोनों विभागों के डिवीजन की सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक राजेंद्र राणा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए होली मंच से कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास को पिछले 5 साल जो जंग लगा रहा, यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह के आशीर्वाद से फिर से यहां के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को शिखर तक पहुंचाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

# सिरमौर पुलिस की बड़ी सफलता, बंधक बनाकर लूटने वाले लुटेरे गिरफ्तार

**8 डीएसपी हेड क्वार्टर मीनाक्षी का कहना है कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी नाहन के ही हैं**

**नाहन/एसपी जैरथ**
आखिर सिरमौर पुलिस के द्वारा योजना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लूट की वारदात में शामिल हाथी कब्र नाहन निवासी एक युवती भी पुलिस के गिरफ्त में आ गई है। जबकि इस वारदात में शामिल एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। डीएसपी हेड क्वार्टर मीनाक्षी का कहना है कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी



नाहन के ही हैं। जिसमें युवक बाल्मिकी बस्ती के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार इस वारदात में तीन युवक और एक युवती शामिल थी। गौरतलब है कि बीते 2 मार्च को तीन लुटेरों ने शिमला मार्ग पर घर में घुसकर एक उद्योगपति को बंधक बना लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। इस वारदात के दौरान आरोपी उद्योगपति से लैपटॉप एमोबाइल एसोने की 2 अंगूठियां गोल्ड चैन लूट कर मौके से फरार हो गए थे।

नाहन जैसे शांतिप्रिय शहर में हुई किस लूटपाट की वारदात को लेकर जहां पुलिस सकते में थी तो वहीं शहर में खौफ का माहौल भी हो गया था। हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि इस लूटपाट की वारदात में शामिल युवती ने पहली बार अपराध की दुनिया में कदम रखा है। यही नहीं बताया जा रहा है कि इस पूरी वारदात की सूत्रधार भी कथित आरोपी महिला ही थी। शहर में हुई लूटपाट की वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी थी। शातिर लुटेरों ने कोई भी सबूत पीछे नहीं छोड़ा था। बावजूद इसके डीएसपी हेड क्वार्टर मीनाक्षी ने एक टीम का गठन कर बड़े ही वैज्ञानिक ढंग से इस लूटपाट की घटना का खुलासा किया। गठित टीम के जांबाज पुलिस जवान व अधिकारी वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर अलग-अलग राज्यों में लगातार लुटेरों का पीछा कर रहे थे। आखिर कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस की टीम ने एक आरोपी को हरियाणा के अंबाला और दूसरे आरोपी को नाहन से गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा शांति संगम से लैपटॉप के अलावा एक सूटकेस को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी मैं यह भी कबूल किया कि लूटी गई सोने की अंगूठी को हरियाणा के अंबाला में बेचकर नशे के लिए चि्ा खरीदा गया था।

अब यह किताब बेचने के लिए खरीदा गया था या फिर नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए यह पुलिस के लिए जांच का विषय है। की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## विधायक ने अपने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत खग्गल गांव में की शिरकत

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने सोमवार को अपने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नेरी के खग्गल गांव में शिरकत की। इस मौके पे स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है और उनकी कोशिश रहती है कि हर फरियादी की मांग पूरी हो। वह जनता के बीच में पांच साल रहेंगे और विकास कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री हमीरपुर से होना हम सब का सौभाग्य है। हमीरपुर में विकास कार्यों की कमी नहीं आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### खंड स्तर पर क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं से काटी जाने वाली कंटिजेंसी राशि का 10 प्रतिशत किया जाएगा गौ सेवा व सुरक्षा पर व्यय

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
करसोग उपमंडल प्रशासन ने आवारा पशुओं की समस्या के समाधान और सुरक्षा के दृष्टिगत लिया। यह निर्णय लोगों द्वारा आवारा छोड़ें जाने वाले पशुओं की समस्या के समाधान और पशुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत करसोग उपमंडल प्रशासन ने नई पहले करते हुए खंड स्तर पर क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं से काटी जाने वाली कंटिजेंसी राशि से 10 प्रतिशत राशि गौ सेवा व सुरक्षा पर व्यय करने का निर्णय लिया है। एसडीएम करसोग ओम कांत ठाकुर ने कहा कि करसोग क्षेत्र में आवारा पशु छोड़े जाने की विकराल होती जा रही समस्या के समाधान के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए उपमंडल स्तर, खंड स्तर और पंचायत स्तर पर तीन स्तरीय गौ सेवा एवं सुरक्षा समन्वय कमेटिया भी गठित की है ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान किया जा सके।

उन्होंने कहा की उपमंडल स्तर पर उप मंडलीय गौ सेवा एवं सुरक्षा समन्वय समिति का गठन एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें उपमंडल स्तर के विभिन्न अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा डीएसपी करसोगए खंड विकास अधिकारी करसोग, खंड विकास अधिकारी चुराग, उपमंडल स्तरीय पशु चिकित्सा अधिकारी करसोग और सचिव नगर पंचायत करसोग को इस समिति में शामिल किया गया है जबकि खंड विकास अधिकारी करसोग और खंड विकास अधिकारी चुराग की अध्यक्षता में खंड स्तरीय गौ सेवा एवं सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। इसके अलावा पंचायत स्तर पर भी पंचायत प्रधानों की अध्यक्षता में गौ सेवा एवं सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। जो अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लोगों द्वारा आवारा छोड़े जाने वाले पशुओं की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तरीय गौ सेवा एवं पशु सुरक्षा समिति खंड स्तरीय समिति के साथ 3 माह बाद बैठक कर आवारा पशुओं के पंजीकरण, मृत्यु का लेखा-जोखा और पशुओं की सुरक्षा के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों की समीक्षा करेगी और पशुओं की सुरक्षा हेतु बजट का प्रावधान करेगी। खंड स्तरीय कमेटी पंचायत स्तरीय कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर पंचायत द्वारा गौ सेवा व सुरक्षा की दृष्टि से किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करेगी और गौ सेवा एवं सुरक्षा के लिए बजट का प्रावधान भी करेगी। इसके लिए अलग बैंक खाता खोला जाएगा और यह समिति लोगों द्वारा मिलने वाले दान और खंड स्तर पर चलाई जाने वाली विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं से काटी जाने वाली कंटीजेंसी राशि का 10 प्रतिशत इस बैंक खाते में जमा करेगी। इस पैसे को गौ सेवा एवं सुरक्षा पर खर्च किया जाएगा। आपातकालीन स्थिति में खंड विकास अधिकारी के उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार या नायब तहसीलदार इस समिति की बैठक कर निर्णय लेने के लिए पात्र होंगे। पंचायत स्तर पर गठित पंचायत गौ सेवा एवं सुरक्षा समिति स्थानीय पशुपालन विभाग से समन्वय स्थापित करेगी और दुधारू पशुओं के पंजीकरण, मृत्यु, क्रय विक्रय पर नजर रखेगी।

### वी ने लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म अतरंगी को वी ऐप पर लाकर अपने रीजनल कंटेंट को बनाया सशक्त

**शिमला:** अब हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कंटेंट का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रीमियम सब्सक्रिप्शन रीजनल कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए अतरंगी के साथ साझेदारी की है।अतरंगी के एक्सक्लुजिव डिजिटल कंटेंट के एक्सेस के साथ वी के यूजर अब विभिन्न श्रेणियों जैसे थ्रिलर,माइथोलोजी,क्राइम,कॉमेडी,रोमांस आदि में अपने पसंदीदा शोज का आनंद उठा सकेंगे।इस पेशकश में नई रीलिजेज़ जैसे द गोल्डन हार्वेस्ट,पांचाली,पारो,द डेविल इनसाइड से लेकर शोज जैसे द बुल ऑफ दलाल स्ट्रीट,तंदूर पेपर,क्लाइंट नंबर 7,तड़प,शुद्धि,चहल,हचान,ऑनलाईन फ्रॉड और परशुराम का विविध हिंदी कंटेंट कैटलॉग शामिल है।इस पेशकश के साथ वी ने वी ऐप पर अपनी समृद्ध कंटेंट लाइब्रेरी को और भी सशक्त बना लिया है। वी के यूजर अब इन सभी को एक्सेस कर सकते हैं, प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म :अतरंगी, जी-5, डिस्कवरी, शेमारो,हंगामा,यूप टीवी,पॉकेट फिल्म्स,400 से अधिक लाईव टीवी चैनल जिसमें जी टीवी,जी सिनेमा,कलर्स एचडी,कलर्स इन्फीनिटी, डिस्कवरी, एमटीवी,हिस्ट्री टीवी,कॉमेडी सेंट्रल,एनिमल प्लेनेट,निक आदि शामिल हैं। आज तक,इंडिया टुडे,सीएनबीसी आवाज,रिपब्लिक टीवी,एबीपी न्यूज,एनडीटीवी 24/7, सीएनएन न्यूज 18सहित कई चैनलों पर लाईव न्यूज।

# एशियन विकास बैंक के पीआरएफ मिशन ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से की भेंट



**शिमला/चमन शर्मा**
एशियन विकास बैंक के प्रोजेक्ट रेडिनेस फाइनेंसिंग पीआरएफ मिशन के दल ने गत दिवस को एचपीशिवा परियोजना के लिए टीम लीडर, सुनई किम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें मिशन के उद्देश्यों तथा फील्ड भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभवों से अवगत करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 1292 करोड़ रुपए की एचपीशिवा मुख्य परियोजना के प्रथम चरण के लिए 257 क्लस्टरों का चयन किया गया है। इसके तहत 4000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागीचे स्थापित कर लगभग 15000 किसान व बागवानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना 5 वर्षों में क्रियान्वित की जाएगी तथा इसके तहत दो चरणों में लगभग 400 क्लस्टरों में कुल 6000 हेक्टेयर भूमि पर उपोष्णकटिबंधीय फल.फसलों के बागीचे स्थापित किये जाएंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कम ऊंचाई वाले निचले क्षेत्रों में उगाये जा सकने वाले अन्य विभिन्न फल पौधों को भी परियोजना के अंतर्गत रोपित करने पर बल दिया, ताकि क्षेत्र में फल विविधता को भी बढ़ाया जा सके। एशियन विकास बैंक में एचपीशिवा परियोजना के लिए टीम लीडर सुनई किम ने कहा कि एचपीशिवा परियोजना की मुख्य परियोजना को बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद एशियन विकास बैंक के पीआरएफ मिशन ने पायलट फेज में किये गये कार्यों की समीक्षा करने तथा मुख्य परियोजना की तैयारियों को परखने के लिए 26 फ रवरी से 7 मार्च तक जिला कांगड़ा, हमीरपुर तथा बिलासपुर के विभिन्न क्लस्टरों का भ्रमण किया। मिशन ने हिमाचल प्रदेश बागवानी रणनीति 2022-2030 तथा एचपीशिवा के अंतर्गत अन्य नीतिगत प्रयासों पर हितधारक परामर्शी कार्यशाला में भी भाग लिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश बागवानी रणनीति के प्रारूप पर चर्चा की गयी तथा परियोजना के तहत किये जा रहे विभिन्न प्रावधानों के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार की अन्य परियोजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से परियोजना को सफल बनाने के लिए विभिन्न नीतिगत प्रयासों व पहलों को रेखांकित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले वामपंथी संगठनों का केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन

**शिमला/चमन शर्मा**
8 मार्च को विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाएगा इससे पहले वामपंथी संगठनो ने शिमला में डीसी कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इन संगठनों का कहना है कि केंद्रीय बजट में सरकार ने मजदूरों और महिलाओं के बजट में कटौती कर इनके हितों को नुकसान पहुंचाया है। वामपंथ ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार ने मनरेगा जैसी जरूरी योजनाओं के बजट में कटौती कर दी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों और महिलाओं का रोजगार छिन गया है।

# सरकार के स्पोर्ट्स कैलेंडर में शामिल होगा अंदरोली का नामः विक्रमादित्य सिंह

**ऊना/राजन पुरी**
वाटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन अंदरोली को प्रदेश सरकार के स्पोर्ट्स कैलेंडर में जल्द शामिल किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में जलक्रीड़ा को बढ़ावा देने के लिए अब सरकार के स्तर पर जल्द प्रयास शुरू किए जाएंगे। इस बात का ऐलान सोमवार को पुलिस की 22वीं अखिल भारतीय जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और पुलिस विभाग के महानिदेशक डॉ

**8 भारतीय जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने किया ऐलान**

संजय कुंडू भी मौजूद रहे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स जैसी बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में खुद हिमाचल की कोई टीम नहीं थी, इसके बावजूद जिस प्रकार प्रतियोगिता का प्रबंधन और संचालन किया गया, जो कि काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जल क्रीड़ाओं अपार संभावनाएं मौजूद हैं और उनका दोहन सरकार के स्तर पर जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए हिमाचल प्रदेश को पर्यटन और खेल दोनों दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर उभारने के लिए प्रयास होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए एक बहुत ही गर्व की बात है कि जिला ऊना के अंदौरली में पुलिस जलक्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि अंदरौली में खेलों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जाएगा।

# हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में होगा खेल महाकुंभ का आयोजन

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के युवाओं की ऊर्जा को खेलों में लगाने, प्रतिभा को प्लेटफॉर्म देने व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विगत कई वर्षों से सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करवाते आ रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर के सांसद खेल महाकुंभ मॉडल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज देश के हर राज्य में सांसद अपने यहाँ खेल महाकुंभ करवा रहे हैं जिसमें कई कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ने खुद भी खिलाड़ियों को सम्बोधित



किया। इस वर्ष भी खेल महाकुंभ का आयोजन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में किया जा रहा है

21 लाख से अधिक की नकद इनामी राशि वितरित करेंगे सांसद अनुराग सिंह ठाकुर जिसके विधानसभा स्तर की प्रतियिगताएँ सफलतापूर्वक

**8 अनुराग सिंह ठाकुर विगत कई वर्षों से सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करवाते आ रहे हैं।**

संपन्न हो गई हैं। आगामी 7 मार्च को अनुराग सिंह ठाकुर विधानसभा स्तर के विभिन्न खेल प्रतियोगताओं के विजेताओं को 21 लाख रुपये से अधिक नकद की इनामी राशि वितरित कर उन्हें सम्मानित करेंगे। संसदीय क्षेत्र स्तर के खेलों के दौरान स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा एफिलिएटिड कोच प्रतिभा का चयन करेंगे हमीरपुर के बाल स्कूल मैदान में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसके लिए आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### खिलाड़ियों के लिये एक बड़ी खुशखबरी ला रहे हैं अनुराग सिंह

इस बार के सांसद खेल महाकुंभ में संसदीय क्षेत्र पर होने वाली प्रतियोगिताएँ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा एफिलिएटिड कोचों की निगरानी में कराई जायेंगी। यह प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित होने का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भाजपा जिला स्तरीय आक्रोश रैलियों का शेड्यूल जारी: कश्यप

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कल हमीरपुर में और 12 मार्च को सिरमौर नहान में जन आक्रोश रैली को करेंगे संबोधित

**शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस सरकार ने पूरे हिमाचल प्रदेश में डी नोटिफिकेशन एक्सप्रेस चला रखी है उसके खिलाफ भाजपा विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में फैसला लिया था कि प्रदेश में जिला स्तरीय आक्रोश रैलियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें हमारा वरिष्ठ नेतृत्व भाग लेगा। कश्यप ने बताया की हाल ही में कुल्लू जिले की आक्रोश रैली हुई जिसमें कार्यकताओं में जबरदस्त जोश देखा गया, इस आक्रोश रैली को नेता प्रतिपक्ष



जयराम ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा इसी जोश के साथ 7 मार्च को जिला हमीरपुर में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जन आक्रोश रैली को संबोधित करेंगे। 10 मार्च को जिला चंबा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार और देहरा में भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना भाजपा की आक्रोश रैलियों को संबोधित करेंगे। इसी प्रकार 11 मार्च को नूरपुर में पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर, बिलासपुर एवं मंडी में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और सोलन में भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन आक्रोश रैलियों में भाग लेंगे। 12 मार्च को जिला पालमपुर और जिला कांगड़ा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और जिला सिरमौर के नहान में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आक्रोश रैली को संबोधित करेंगे। 13 मार्च को जिला महासू के ठियोग में होने जा रही आक्रोश रैली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि 13 मार्च को भाजपा विधायक दल एकत्र होकर जिला शिमला के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ओक ओवर से राजभवन तक आक्रोश रैली निकालेगा, जिसके उपरांत भाजपा का विधायक दल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को ज्ञापन सौपेगा। इसके उपरांत शिमला में विधायक दल की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। आक्रोश रैली के दौरान भाजपा के सभी पदाधिकारी, संसदीय क्षेत्र प्रभारी, सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, 2022 के चुनाव लड़े प्रत्याशी, राज्यसभा एवं लोकसभा सांसद, पूर के सभी भाजपा विधायक गण, मंत्री गण अपने-अपने जिलों में भाग लेंगे।


उत्तर रेलवे

G20

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगाधरी वर्कशॉप में रेलवे स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स के प्रथम बटालियन के लिए टाइल आदि सहित कार्यालय में सुधार से संबंधित कार्य। | 60,57,920/- | 1,21,200/- | 06 महीने | 31.03.2023 |
| 2 | (1) जगाधरी वर्कशॉप स्टेशन में साइकिल/स्कूटर पार्किंग एरिया का विस्तार से संबंधित कार्य (2) सहारनपुर रेलवे स्टेशन में शेल्टर आदि का प्रावधान से संबंधित शेष कार्य। | 33,13,912/- | 66,300/- | 03 महीने | 31.03.2023 |
| 3 | सहायक मंडल अभियंता/शिमला के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ कार्य/कालका के सेक्शन कालका में 20 बेडवाला रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के लिए बैरेक्स बनाने का प्रावधान से संबंधित कार्य। | 75,84,574/- | 1,51,300/- | 08 महीने | 31.03.2023 |
| 4 | सहायक मंडल अभियन्ता/चण्डीगढ़ के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ कार्य/प्रथम/चण्डीगढ़ के सेक्शन मोहाली एवं खरड़ में पम्प हाउस, पाइप लाइन, पानी की टंकी सहित गहरी नलकूप का प्रावधान से संबंधित कार्य। | 48,31,636/- | 96,600/- | 06 महीने | 31.03.2023 |
| 5 | मोहाली रेलवे स्टेशन में 24 कोच हेतु प्लेटफॉर्म नं. 1 एवं 2 का विस्तार से संबंधित कार्य। | 3,10,84,640/- | 3,09,900/- | 06 महीने | 31.03.2023 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी प्रामाणिक डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेंट गेट वेबिंग/नेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा सं.: 49-अम्बाला/2022-23 दिनांक 06.03.2023   689/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# सारा अली खान

## के लिए बेहद बुरा था साल 2020, एक्ट्रेस बोली- ना फिल्में चली और ना...

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी एक्ट्रेस सारा अली खान (Sara Ali Khan) ने साल 2018 में फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ये फिल्म पर्दे पर सुपरहिट साबित हुई थी इस फिल्म के बाद एक्ट्रेस सिंबा में नजर आई। वहीं साल 2020 में उन्होंने लव आज कल, कुली नंबर 1 मूवी में काम किया, लेकिन ये पर्दे पर फ्लॉप साबित हुई। वहीं अब एक्ट्रेस ने इस बारे में खुलकर बात की है।

**फ्लॉप फिल्मों पर बोली सारा**

हाल ही में सारा अली खान एक चैट शो का हिस्सा बनीं। जहां उन्होंने बताया कि साल 2020 उनके लिए काफी बुरा रहा। साल की शुरुआत उनके ब्रेकअप से हुई थी और फिर ये बुरा वक्त उनकी फिल्मों पर भी जा पहुंचा। साल 2020 में उनकी कुछ फिल्में फ्लॉप हुई। हालांकि, उन्होंने कहा कि ट्रोलिंग का इतना असर नहीं हुआ क्योंकि वह पहले से ही खराब पर्सनल स्पेस में थीं। सारा ने इस दौरान लव आज कल और कुली नंबर 1 में गलतियां करना भी स्वीकार किया।



**2020 में हुआ था कार्तिक संग ब्रेकअप**

बता दें, लव आज कल के दौरान सारा और कार्तिक को लेकर खबरें थी कि दोनों ने एक दूसरे को डेट किया था। दोनों को कई बार एक-साथ स्पॉट भी किया जाता था। हालांकि, 2020 में फिल्म की रिलीज से ठीक पहले दोनों का ब्रेकअप हो गया और इसके बाद उन्होंने एक-दूसरे से बात करना बंद कर दिया। मीडिया में दोनों ने अपने रिश्ते को कभी कबूल नहीं किया था, लेकिन बीते साल करण जौहर ने अपने चैट शो कॉफी विद करण में इस राज से पर्दा उठाया था।

**एक्ट्रेस की आने वाली फिल्में**

वर्कफ्रंट की बात करें तो सारा आखिरी बार आनंद एल राय की अतरंगी रे में नजर आई थीं, जिसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया गया था। वह जल्द गैसलाइट, ए वतन मेरे वतन, मेट्रो इन दिनों और मर्डर मुबारक में नजर आएंगी।

# कभी टीवी पर बेचा निरमा, फिर बनीं बॉलीवुड की सिल्क, छोटी ड्रेस नहीं साड़ी पहन जीता लाखों का दिल



परिणीता, लगे रहो मुन्ना भाई, गुरु, इश्किया, द डर्टी पिक्चर जैसी हिट फिल्में देने वाली बॉलीवुड की हीरोइन विद्या बालन ने अपना नाम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की. बचपन से ही हल्के भारी शरीर के कारण मलालत झेलने वाली विद्या बालन ने अपने टैलेंट के दम पर पहले टीवी फिर फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा. विद्या बालन बॉलीवुड की उन चंद हीरोइन्स में से एक हैं जो छोटी ड्रेस और ग्लैमर की चमकदार दुनिया से दूर सादा साड़ी में भी अपनी खूबसूरती से लाखों दिलों को जीत लेती हैं.

अपने करियर के निराशाजनक शुरुआत करते हुए विद्या बालन ने एक बार कहा था, 'मेरे शुरुआती दो मलयालम फिल्में पूरी नहीं हो पाई और तीसरी से मैंने खुद वॉकआउट कर लिया. क्योंकि मैं अनकंफर्टेबल हो गई थी. मुझे दूसरी एक्ट्रेस से रिप्लेस कर दिया गया. मुझे बदसूरत महसूस कराया गया इससे मैं इतना डर गई थी कि मुझे शीशा देखने में डर लगने लगा था. लेकिन मुझे खुशी है कि भगवान की कृपा से आज मैं अच्छा कर रही हूं.' 1 जनवरी 1979 को मुंबई में जन्मी विद्या बालन को आज बॉलीवुड में बेहतरीन एक्ट्रेस में गिना जाता है. विद्या के लिए साउथ से लेकर बॉलीवुड का सफर आसान नहीं रहा.

**मुंबई में पूरी की पढ़ाई**

विद्या ने अपनी मुंबई के सेंट एंटोनी कॉन्वेंट से अपनी स्कूलिंग पूरी की और सेंट जेवियर से अपनी ग्रेजुएशन कंप्लीट की. इसके बाद विद्या ने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से सोशियोलॉजी से मास्टर्स डिग्री हासिल की. केरल के पालघाट के परिवार में जन्म लेनी वाली विद्या के पिता पीआर बालन ईटीसी चैनल के वाइस प्रेसिडेंट भी रहे हैं. विद्या ने अपने करियर की शुरुआत टीवी पर निरमा बेचकर की. इसके बाद विद्या बालन ने टीवी का रुख किया. साल 1995 में विद्या बालन को हम पांच नाम का टीवी सीरियल मिला. इस सीरियल के जरिए विद्या ने अपनी एक्टिंग निखारी और आगे का रास्ता तय किया. इसके बाद विद्या टीवी और शॉर्ट फिल्में करनी लगीं. हंसते-खेलते, रिश्ते- द वॉयलन सोनाटा, कभी आना तू मेरी गली, सीखो ना जैसे टीवी सीरियल्स और शॉर्ट फिल्में कीं. इन फिल्मों और कमर्शियल्स ने फिल्म मेकर्स का ध्यान खींचा. साल 2003 में विद्या बालन को बंगाली फिल्म भालो ठीको मिली. इसके बाद साउथ की फिल्म कालारी विक्रमन में भी विद्या बालन को अच्छा किरदार मिला. इसके बाद विद्या का फिल्मी सफर शुरू हो गया.

# प्रभास से अल्लू अर्जुन तक, ब्लॉकबस्टर स्टार्स की आवाज बने ये कलाकार, आपके हीरो से कम नहीं इनका स्वैग?



अल्लू अर्जुन (Allu Arjun) की 'पुष्पा द राइज' के जरिए दुनियाभर में नाम कमाया है. इस फिल्म में उनके हर एक अंदाज की ताबड़तोड़ तारीफ हुई है, फिर चाहे वो सिग्नेचर स्टेप हो या फिर रफ लुक, एक्सप्रेशन हों या फिर डायलॉग्स. खासतौर पर हिंदी मार्केट में पुष्पा को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. क्योंकि इसके दमदार डायलॉग्स ने फैंस के दिलों को छुआ है. इससे पहले प्रभास स्टारर बाहुबली के डायलॉग्स भी खूब लोकप्रिय हुए. अगर ये फिल्में हिंदी में रिलीज न हों तो शायद सिर्फ साउथ के लोग ही इनकी तारीफ कर पाते. हालांकि, डबिंग के हिंदी वर्जन के रिलीज होते ही इन्हें देशभर के लोगों ने सराहा. लेकिन क्या आप जानते हैं कि साउथ सुपरहिट फिल्मों के ब्लॉकबस्टर स्टार की आवाज हिंदी के कुछ हीरो भी बनते हैं. आज हम आपको उन्हीं वॉयसओवर कलाकारों के बारे में बताते हैं जो आपके हैंडसम दिखने वाले हीरो से कम नहीं है.

**महेश बाबू और अल्लू अर्जुन के हिंदी डायलॉग्स में संकेत ने डाली जान**

संकेत म्हात्रे (Sanket Mhatre) सबसे लोकप्रिय वॉयसओवर कलाकारों में से एक हैं. उन्होंने कुछ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए अपनी आवाज़ दी, है जिनमें सूर्या की Soorarai Pottru, Kaappaan, Jai Bhim और कई अन्य शामिल हैं.

वे अल्लू अर्जुन, महेश बाबू, राम पोथिनेनी और जूनियर एनटीआर को भी अपनी आवाज दे चुके हैं, उन्होंने DJ, Sarrainodu, S/O Satyamurthy आदि फिल्मों में अल्लू अर्जुन को अपनी आवाज दी है, वहीं महेश बाबू को 'The Real Tevar, The Real Tiger' और 'Encounter Shankar' जैसी फिल्मों को भी उन्होंने हिंदी में डब किया था.



# नमिता थापर

## को दूसरे बच्चे के लिए करना पड़ा था स्ट्रगल, 2 आईवीएफ हुई फैल, लगे 25 इंजेक्शन

शार्क टैंक इंडिया की जज और एमक्योर फार्मास्युटिकल्स कंपनी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नमिता थापर अपने बिजनेस माइंड के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को काफी अच्छे से संभाला। इसके साथ ही वो अपनी फैमिली के लिए भी समय निकालना नहीं भूलतीं। अब नमिता ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बताते हुए 2 असफल आईवीएफ के बारे में शेयर किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ का दर्द साझा करते हुए बताया कि दूसरे बच्चे के लिए 3 से 4 साल तक उन्हें कितनी परेशानियों से गुजरना पड़ा।

**नमिता थापर दूसरे बच्चे के लिए 3 से 4 साल हुई परेशान**

नमिता थापर ने अपने आईवीएफ के एक्सपीरियंस को शेयर करते हुए बताया, मेरे मामले में जब मैं 28 साल की थी, मैं गर्भवती होना चाहती थी और 2 महीने में मैंने सामान्य तरीके से गर्भधारण किया। उसके बाद दूसरे बच्चे के लिए मैंने 3 से 4 साल तक कोशिश की और मैं गर्भधारण नहीं कर पाई। मैं बांझपन के 2 उपचारों और उन 25 इंजेक्शनों और भावनात्मक और शारीरिक दर्द से गुजरी हूं जिस दर्द से मैं गुजर रही थी।

**एक बच्चे के साथ नहीं थी खुश - नमिता थापर**

नमिता थापर ने आगे कहा कि वो एक बच्चे के साथ रहने और दूसरे बच्चे के लिए कोशिशें बंद करने के अपने निर्णय से खुश नहीं थीं। वो कुछ समय बाद गर्भवती हो सकती थीं लेकिन वो इसकी कोशिशें बंद नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने कहा, मेरे पहले से ही बच्चा है लेकिन उन माता-पिता की कल्पना करें जिनके बच्चे नहीं हैं। दो कोशिशों के बाद मैंने हार मान ली और कहा कि मैं एक बच्चे के साथ खुश हूं। लेकिन फिर एक चमत्कार हुआ और मैं स्वाभाविक रूप से गर्भवती हो गई, लेकिन वो मेमोरी मेरे साथ रही, और 10 साल तक मैं इसके बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं कर सकी। मेरे लिए इसे किसी के साथ शेयर करना बहुत कठिन था।

**अपनी किताब में लिखी जिंदगी से जुड़ा अनुभव**

नमिता ने आगे कहा, अभी छह महीने पहले, मुझे अपने YouTube चैनल पर बांझपन के विषय पर चर्चा करनी थी और मैं पूरी रात सो नहीं पाई कि मैं अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा कर पाऊंगी या नहीं। मेरे कई शुभचिंतकों ने मुझसे कहा, ये मेरा निजी जीवन है, मैं इसकी चर्चा क्यों करूं? हालांकि, मैंने दूसरों के साथ जो कुछ भी किया है उसे साझा करने का फैसला किया। दरअसल, मैंने इसके बारे में अपनी किताब में भी लिखा है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने आरसीबी को 60 रन से हराया

**मुम्बई।** मुम्बई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज में की है। मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 223 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 45 गेंदों में चार छक्कों और 10 चौकों की मदद से 84 रन और टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने 43 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 72 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए तेज गेंदबाज तारा नौरिस ने शानदार पांच विकेट अपने नाम किए।

224 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा



करने उतरी आरसीबी को कप्तान स्मृति मंधाना ने तेज शुरुआत दी। तीन ओवर में टीम का स्कोर 31 रन तक पहुंचा दिया। आरसीबी को पहला झटका सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन के रूप में लगा। पांचवें ओवर में सोफी 11 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद सातवें ओवर में कप्तान मंधाना भी आउट हो गई। मंधाना ने 23 गेंद में 35 रन बनाए। आरसीबी का तीसरा विकेट 11वें ओवर में गिरा। अच्छा खेल रहीं एलिस पैरी 19 गेंद में 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद दिशा कसाट 9, ऋचा घोष 2, कनिका अहूजा 0, आशा शोभना 2 रन बनाकर आउट हुईं। आरसीबी की टीम ने 13.1 ओवर में 96 पर सात विकेट गवां दिए। अंतिम ओवरों में हीथर नाइट ने 34 रन और मेगन स्कट ने नाबाद 30 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए तारा नौरिस ने सर्वाधिक पांच विकेट लिए। एलिस कैप्सी ने दो विकेट और शिखा पांडे को एक सफलता मिली। इससे पहले मुकाबले में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कप्तान मेग लैनिंग के साथ मिलकर तेज शुरुआत की और पावरप्ले में टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने डब्ल्यूपीएल में अपना पहला अर्धशतक जमाते हुए टीम के स्कोर को बिना विकेट गवाएं 14 ओवर तक 150 के पार पहुंचा दिया। टीम का पहला विकेट कप्तान मेग लैनिंग के रूप में गिरा। 15वें ओवर में लैनिंग 43 गेंद पर 72 रन बनाकर आउट हुईं। इसी ओवर में शेफाली वर्मा भी आउट हो गई। शेफाली ने 45 गेंद पर 84 रन बनाए। 163 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद दिल्ली कैपिटल्स की पारी को जेमिमा रोड्रिगेज और मारिजान कैप ने आगे बढ़ाया। दोनों ने नाबाद 60 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 20 ओवर में 223 तक पहुंचा दिया। मारिजान 17 गेंद पर 39 और जेमिमा 15 गेंद पर 22 रन बनाकर नाबाद रहीं।

## हॉकी हरियाणा बना जूनियर हाकी का नया सरताज

**लखनऊ।** राउंड ग्लास पंजाब को 3-0 से हराकर हॉकी हरियाणा ने 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में हॉकी हरियाणा ने मैच के शुरू में ही प्रिंस के गोल से बढ़त हासिल कर ली। प्रिंस ने ये गोल नौवे मिनट में विरोधी के डिफेंस को भेदते हुए किया। इसके बाद दूसरे व तीसरे क्वार्टर गोल रहित रहे।चौथे क्वार्टर में 48वे और 59वें मिनट में हरियाणा ने एक के बाद एक दो गोल दाग कर टीम की बढ़त 3-0 कर दिया। जो अंत तक कायम रही। हरियाणा को फारवर्ड खिलाड़ियों के अच्छे खेल का फायदा मिला तो राउंड ग्लास पंजाब को कमजोर डिफेंस का खामियाजा भुगतना पड़ा। टूर्नामेंट में उपविजेता रही टीम राउंड ग्लास पंजाब के टेक्निकल लीड राजिंदर सिंह सीनियर (1980 ओलिम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट, द्रोणाचार्य अवार्डी) ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि पहली बार अंडर-14 टूर्नामेंट खेल रही हमारी टीम ने शानदार खेल दिखाया। अब हम और मेहनत करेंगे और हमारी कोशिश होगी कि अगली बार हम चैंपियन बने। इससे पूर्व हार्ड लाइन मैच में जीत से फिलर्क्स ब्रदर्स ने तीसरा स्थान हासिल किया। फिलर्क्स ब्रदर्स ने यूपी ग्रेस को 3-0 से हराया। टीम से तीनो गोल कप्तान जसकीरत ने गोल दागे।



## डियांड्रा डॉटिन क्यों लौट गई वापस, गुजरात जायंट्स ने दी सफाई

**नवी मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फेंचाइजी गुजरात जायंट्स ने टीम में आल राउंडर डियांड्रा डॉटिन की अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि वे टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में खेलने के मद्देनजर वेस्टइंडीज की खिलाड़ी के लिए समय पर मेडिकल मंजूरी हासिल नहीं कर पाए।फेंचाइजी ने शुरूआती चरण के लिए आस्ट्रेलियाई आल राउंडर किम गेरेथ को शामिल किया है जो टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, हालांकि कोई मैच नहीं खेल पाई थीं। गेरेथ पिछले महीने हुई नीलामी में बिकी नहीं थीं। फेंचाइजी ने पहले कहा था कि 60 लाख रूपये की राशि में खरीदी गई डॉटिन 'चिकित्सा स्थिति से उबर रही' हैं। डॉटिन ने ट्वीट कर कहा कि वह पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट में कहा कि मैं सभी संदेशों की सराहना करती हूं, लेकिन सच कहूं तो मैं किसी चोट से नहीं उबर रही हूं, धन्यवाद। गुजरात जायंट्स ने इस मुद्दे को स्पष्ट करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और कहा कि डियांड्रा एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और फेंचाइजी के लिए अच्छी खिलाड़ी है। लेकिन दुर्भाग्य से हम इस सत्र के लिए निर्धारित समय सीमा से पहले मेडिकल मंजूरी प्राप्त नहीं कर पाए, डब्ल्यूपीएल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए इस तरह की मंजूरी की आवश्यकता होती है।



## हॉकी टूर्नामेंट : पंजाब को हराकर हॉकी हरियाणा ने जीता पांच लाख का इनाम

**लखनऊ।** ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू मेमोरियल अंडर-14 प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच हॉकी हरियाणा और राउंड ग्लास पंजाब के बीच खेला गया। इसमें हॉकी हरियाणा ने 3-0 से राउंड ग्लास पंजाब के खिलाफ विजय पा ली और पांच लाख का इनाम जीत लिया। अपराह्न तीन बजे शुरू हुए फाइनल मैच में नौवें मिनट में ही हाकी हरियाणा की टीम ने पहला गोल कर दिया। इसके बाद दोनों ही टीमें गोल के लिए पसीने बहाती रही। कई बार गोल होते-होते बच गये। 39 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला चलता रहा। इसी बीच 48वें मिनट में हाकी हरियाणा की टीम ने एक गोल पुनः मारकर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। राउंड ग्लास पंजाब की टीम अभी बराबरी करने की सोच ही रही थी कि 59वें मिनट में हॉकी हरियाणा ने पुनः एक गोल दाग कर तीन-0 से विजय हासिल कर ली और पांच लाख का इनाम अपने नाम कर लिया। इस मैच में बेस्ट गोलकीपर का इनाम राउंड ग्लास के फरदीन को दिया गया। बेस्ट डिफेंसिव का अवार्ड हॉकी हरियाणा के रोनी को मिला। वही बेस्ट हाफ का खिताब यूपी ग्रेस के जैनुल को मिला।

## कायकिंग 500 मीटर में आईटीबीपी के प्रभा ने जीता गोल्ड

**ऊना।** भारतीय पुलिस द्वारा 22 जल क्रीडा प्रतियोगिता के चौथे दिन रोविंग, केनाइंग व कायकिंग प्रतियोगिताओं के फाईनल मुकाबले करवाए गए। जिसमें कायकिंग सिंगल पुरुष 500 मीटर प्रतियोगिता में आईटीबीपी से प्रभा कुमार ने स्वर्ण पदक जीता है। जबकि बीएसएफ के सोनू साहू ने रजत, सीआरपीएफ से उदित कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। कायकिंग डबल्स पुरुष 500 मीटर में बीएसएफ से दीपक कुमार व पवन ने स्वर्ण, एसएसबी से अरविंद व हरिदास सिंह ने रजत व आईटीबीपी से जितेंद्र सिंह व रुपित ने कांस्य पदक अपने नाम किया। कायकिंग चार पुरुष वर्ग 500 मीटर में पंजाब टीम से रविंद्र सिंह, गुरवीर सिंह, विनोद कुमार, बलविंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक, बीएसएफ से गीत चंद्रा, दीपक कुमार प्रजापति, सोनू साहू व जतिन यादव ने रजत, एसएसबी से हरिदास सिंह, अजय चौहान, टीएच रतन सिंह, धर्मेंद्रा वर्मा ने कांस्य पदक हासिल



किया। केनाइंग सिंगल पुरुष वर्ग 500 मीटर में बीएसएफ से गणेश ने स्वर्ण, आईटीबीपी से केएच नवो सिंह ने रजत व सीआरपीएफ से सचिन ने कांस्य पदक जीता। केनोइंग डबल्स पुरुष वर्ग 500 मीटर में बीएसएफ से राधा कांता सिंह व एच सिद्धार्था सिंह ने स्वर्ण, एसएसबी से अखिल ओमानकुंता व चंदन कुमार ने रजत व जेएंडके पोलिस से शोखत हुसैन व नासिर हुसैन ने कांस्य पदक हासिल किया। केनोइंग चार पुरुष वर्ग 500 मीटर में बीएसएफ से शुभ, सुशील पटेल, एस राधा कांता सिंह व एल सिद्धार्था सिंह ने स्वर्ण, आईटीबीपी से अजैब सिंह, ओ रविकांता सिंह, गरबख्श सिंह, टी जोनसन सिंह ने रजत व सीआरपीएफ से टीएच नीलकांत सिंह, शिव शंकर राय, केएच बोय सिंह व अनिकेत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। रोइंग सिंगल स्कूल पुरुष 500 मीटर में राजस्थान पुलिस से ओम प्रकाश ने स्वर्ण, आईटीबीपी से संदीप कुमार ने रजत, पंजाब से गुरविंद्र सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## शैफाली वर्मा ने 84 रन की धमाकेदार पारी के बाद कहा, मैं शुरुआत में थोड़ा नर्वस थी

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 2 विकेट्स के नुकसान पर 223 रन बनाए। इस दौरान दिल्ली की ओपनर शैफाली वर्मा धमाकेदार फार्म में नजर आई जिन्होंने 84 रन की पारी खेली। इसके बाद शैफाली ने कहा कि शुरुआत में वह थोड़ा नर्वस थी। इसी के साथ ही उन्होंने मेग लेनिंग (72) के साथ साझेदारी पर भी बात की जिन्होंने भी अर्धशतकीय पारी खेली। शैफाली वर्मा ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद कहा, 'मुझे बहुत खुशी हुई, यह बल्लेबाजी के लिए एक बेहतरीन विकेट था। मैं शुरुआत में थोड़ा नर्वस थी। लैनिंग के साथ खेलने का अनुभव अच्छा रहा, वह मेरी अच्छी दोस्त है और उन्होंने मुझे बल्ले से जिम्मेदारी निभाने को कहा। हम सिर्फ अच्छे शॉट खेलना चाहते थे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहते थे। जब आप एक मील का पत्थर



प्राप्त करते हैं तो आप खुश महसूस करते हैं, हां, कुल मिलाकर खुश होते हैं।

गौर हो कि शैफाली वर्मा ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 84 रन जबकि मेग लैनिंग ने 43 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसी के साथ ही दोनों ओपनरों के बीच पहले विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी हुई। मेग और शैफाली के आउट होने के बाद मरिजैन कप्प (39*) और जेमीमा (22*) ने कमान संभाली और रन बनाने जारी रखते हुए टीम को 223 पर ले गईं।

## मुश्फिकुर रहीम के पिता की इच्छा, इस स्थान पर अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेले बेटा

**ढाका।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम के पिता महबूब हबीब तारा ने बोगुरा के शहीद चंदू स्टेडियम में अपने बेटे को अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए देखने की तीव्र इच्छा व्यक्त की है। उनके पिता ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तहत स्टेडियम को एक स्थल के रूप में बहाल करने की मांग को लेकर एक जन हस्ताक्षर अभियान के दौरान भी यही बात कही। विशेष रूप से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में यह कहते हुए मैदान से सभी उपकरण हटा लिए कि स्थानीय प्राधिकरण उनके साथ सहयोग नहीं कर रहा है। अब साइनिंग एपिसोड के तुरंत बाद महबूब ने कहा कि अगर मुश्फिकुर बोगुरा में



अपना आखिरी गेम खेलता है तो उन्हें बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि मेरा बेटा मुशफिकुर अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच बोगुरा के शहीद चंदू स्टेडियम में खेले। अगर देश का बेटा और परिवार का बेटा बोगुरा में अपना आखिरी खेल खेलता है तो मुझ सहित बोगुरा के सभी लोगों को खुशी होगी।'

महबूब ने कहा, अगर मुश्फिक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अपने देश में, अपने क्षेत्र में समाप्त कर सकते हैं तो इसके लिए पूछने के लिए और कुछ नहीं है। इस बीच सामूहिक हस्ताक्षर के बारे में बात करते हुए मुश्फिकुर के पिता ने कहा कि बीसीबी की वापसी आश्चर्यजनक और दुखद है। उन्होंने कहा, 'बीसीबी स्थल को वापस लेने का मुद्दा बहुत ही दुखद और चौंकाने वाला है। बोगुरा का शहीद चंदू स्टेडियम बोगुरा और उत्तरी क्षेत्र के निवासियों के लिए एकमात्र अंतरराष्ट्रीय मैदान है। इस स्टेडियम की पिचें मीरपुर के बाद बांग्लादेश में हैं।'

## बेगूसराय बना सेंट्रल जोन का चैंपियन, मुरारी बने मैन ऑफ द मैच

**बेगूसराय।** बिहार क्रिकेट संघ द्वारा बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में आयोजित सेंट्रल जोन हेमन ट्रॉफी में लीग का अंतिम मुकाबला मेजबान बेगूसराय और खगड़िया के बीच खेला गया। जिसमें बेगूसराय के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।बेगूसराय की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के मैच में आठ विकेट खोकर 326 रनों का लक्ष्य दिया। बेगूसराय की ओर से मुरारी ने 116 रन और आदित्य सोनी ने 64 रन बनाए। वहीं, खगड़िया की ओर से आनंद ने तीन विकेट और विश्वप्रिय ने दो विकेट प्राप्त किए। जवाब में खेलने उतरी खगड़िया की टीम 50 ओवर के मैच में 43 ओवर में खेलते हुई सभी विकेट खोकर 212 रन ही बना सकी। खगड़िया की ओर से प्रतीक वत्स ने 108 रन और हर्षित आनंद ने 56 रन बनाए। वहीं, बेगूसराय की ओर से रामविनित शरण ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट और इम्तियाज ने तीन विकेट प्राप्त किया। बेगूसराय के मुरारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बेगूसराय जिला क्रिकेट संघ तदर्थ कमेटी के चेयरमैन-सह-सेंट्रल जोन के कन्वेनर मृत्युंजय कुमार वीरेश, सुनील सिंह, बेगूसराय टीम के कोच ललन लालित्य, मुकेश कुमार पप्पू, नवीन सिंह, मो. शाहिद अख्तर ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मैच के मुख्य अंपायर बीसीए पैनल के संजय मुरार एवं वेद प्रकाश तथा ऑब्जर्वर हरप्रीत सिंह सलूजा थे।

## आईपीएल से पहले प्रैक्टिस में बड़े-बड़े हिट करते दिखे धोनी: पहली 2 बॉलों को टाइम किया

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू होने जा रहा है। अहमदाबाद के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के हाई वोल्टेज मुकाबले के साथ लीग की शुरुआत होगी। 41 साल के महेंद्र सिंह धोनी ने इस मुकाबले की तैयारी भी शुरू कर दी है। वे सीजन के पहले प्रैक्टिस सेशन में उतरे। रविवार को उनका प्रैक्टिस करते वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में धोनी ने दो बॉलों का सामना किया और दोनों को टाइम करते नजर आए।

CSK ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- अहसास को वाकई कुछ भी मैच नहीं कर सकता।' इस पर सोशल मीडिया फैंस मजेदार जवाब दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, प्लीज, ये मत कहना कि यह धोनी का आखिरी सीजन है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- एमएस धानी के लंबे छक्कों को दोबारा देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर।

**एयरपोर्ट पर हुआ शानदार वेलकम**

इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत हुआ था। उनका



स्वागत फूलों से किया गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

**धोनी का आखिरी IPL हो सकता है**

धोनी का यह आखिरी IPL हो सकता है। पिछले सीजन में एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे संन्यास लेने वाले हैं। तो धोनी ने इसके जवाब में कहा था कि मैं जब भी संन्यास लूंगा तो अपने घरेलू फैंस के बीच लूंगा। इस बार CSK लीग चरण का आखिरी मैच अपने होम ग्राउंड पर 14 मई को खेलेगी। टीम ने 7 मई 2019 को अपने घर में आखिरी मुकाबला खेला था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि धोनी उस मुकाबले के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं, हालांकि इस पर कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 2019 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में खेला था।

## गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्ज मैच का मोमेंट:चौका जड़ ग्रेस हैरिस ने किया पंजाबी डांस, छक्का जड़ कर गुजरात को दिलाई जीत

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग शुरू हो चुका है। दो दिनों में तीन मैच खेले जा चुके हैं। शनिवार को एक मैच था, जबकि दो मैच थे। पहले दो मैच एक तरफा रहा। पर गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में यूपी वॉरियर्ज की बल्लेबाज ग्रेस हैरिस आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर चौका जड़ने के बाद नाचने लगीं और उसके बाद उन्होंने छक्का मारकर टीम को जीत दिलाई। ग्रेस हैरिस का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

दरअसल इस मैच में यूपी वॉरियर्ज ने 15.4 ओवर में 105 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। टीम को 65 रन की जरूरत थी। मैच पर पूरी तरह से गुजरात जायंट्स





की पकड़ मजबूत हो गई थी। मैच यूपी वॉरियर्ज के हाथ से फिसलता हुआ नजर आ रहा था। उस समय क्रीज पर बैटर ग्रेस हैरिस क्रीज पर थीं। उन्हें सोफी एक्लेस्टन का साथ मिला। दोनों ने 19.5 ओवर तक बैटिंग की और 26 बॉल में 70 रन जोड़कर यूपी को जीत दिला दी। दोनों ने 18वें ओवर से अटैकिंग बैटिंग शुरू की। किम गार्थ ने पारी का ये ओवर फेंका, इसमें 20 रन बने। 19वें ओवर में एश्ले गार्डनर के खिलाफ भी दोनों ने 14 रन बनाए। आखिरी 6 बॉल पर 19 रन चाहिए थे।

अब जानिए आखिरी ओवर में क्या हुआ।

**ग्रेस हैरिस ने खेले नाबाद 59 रन की पारी**

पहली गेंद- हैरिस ने छक्का जड़ा।

दूसरी गेंद- वाइड रही। उसके बाद फेंकी गई गेंद पर 2 रन लिए।

तीसरी गेंद- हैरिस ने चौका जड़ा।

चौथी गेंद- वाइड रही। इसके बाद फेंकी गई गेंद पर हैरिस ने चौका जड़ा और स्कोर बराबर हो गया। जिसके बाद वह मैच के बीच में ही पंजाबी डांस करने लगीं।

पांचवी गेंद- छक्का जड़ा और टीम को 3 विकेट से जीत दिलाई और फैंस को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ग्रेस हैरिस ने सिर्फ 26 गेंदों में नाबाद 59 बनाए।जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। इसमें भी 2 चौके और 2 छक्के आखिरी ओवर में आए, जब यूपी को 19 रनों की जरूरत थी।

**गुजरात ने 169 रन बनाए**

इस मैच में टॉस जीतकर गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्ज ने 7 विकेट के नुकसान पर एक गेंद शेष रहते हुए 175 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। विमेंस प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज ने गुजरात जायंट्स को 3 विकेट से हरा दिया। यूपी को आखिरी 18 बॉल पर 53 रन की जरूरत थी। टीम की बैटर ग्रेस हैरिस ने आक्रामक फिफ्टी जड़ी और यूपी को जीत दिला दी। उन्होंने 26 बॉल पर नाबाद 59 रन बनाए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। गुजरात की ओर से किम गार्थ ने 5 विकेट लिए।

## मेदवेदेव ने तीन हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता

**दुबई।** रूसी स्टार डेनियल मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप जीत लिया है। 27 साल के मेदवेदेव ने फाइनल में हम वतन आंद्रे रूबलेव को 6-2 6-2 से हराया। यह डेनियल का पिछले तीन हफ्तों में लगातार तीसरा खिताब है। इससे पहले, वे दोहा और रॉटरडैम के खिताब जीत चुके हैं। मेदवेदेव 2021 के बाद से लगातार तीन खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जुलाई 2021 में कैस्पर रूड और अक्टूबर 2022 में फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ऐसा कर चुके हैं।

**मेदवेदेव ने 22 बार के ग्रैंड स्लैम नोवाक जोकोविच को हराया**

मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच



को एक तरफा मुकाबले में हराया। उन्होंने दोनों सेट 6-4, 6-4 से जीत लिए और जोकोविच को वापसी करने का मौका नहीं दिया। मेदवेदेव ने जोकोविच के खिलाफ 3 साल बाद जीत हासिल की है। दोनों खिलाड़ी 14 बार आमने-सामने हो चुके हैं। मेदवेदेव की जोकोविच पर यह 5वीं जीत है।

**जर्मनी के ज्वेरेव को हराकर फाइनल में पहुंचे रूबलेव**

आंद्रे रूबलेव ने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दूसरी बार दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। रूबलेव पहला सेट आसानी से 6-3 से जीत लिया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें जीतने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरा सेट उन्होंने 7-6 से जीता।

